**OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR**

**Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)**

Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

**E-mail: hegtdcano@mp.gov.in** 9893076404


# Veer Bal diwas


**कार्यालय प्राचार्य शासकीय तुलसी अग्रणी महाविद्यालय**
**जिला–अनूपपुर (म0प्र0)**

Azadi Ka Amrit Mahotsav

e-mail: hegtdcano@mp.gov.in 9425844318


क्रमांक /2335/ स्था. / 2022 अनूपपुर दिनांक 28-12-2022

प्रति,

अतिरिक्त संचालक
उच्च शिक्षा रीवा , संभाग रीवा (म.प्र.)।

विषय :- दिनांक 28 दिसम्बर, 2022 को आयोजित "वीर बाल दिवस" कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत बावत ।

संदर्भ :- कार्यालय आयुक्त , उच्च शिक्षा म.प्र. भोपाल का पत्र क्रमांक/1775/381/आ.उ.शि./शा-5 'अ'/2022 भोपाल, दिनांक 23.12.2022

महोदय,

विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के अनुपालन में लेख है कि आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत , दसवें सिख गुरु गोविन्द्र सिंह जी के छोटे पुत्रों साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह के सर्वोच्च और अप्रतिम बलिदान के सम्मान में दिनांक 28 दिसम्बर, 2022 को शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में "वीर बाल दिवस" पर महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को गुरूवोविन्द सिंह जी के पुत्रों द्वारा दिए गए बलिदान के संबंध में जानकारी देने हेतु व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रतिवेदन सादर प्रस्तुत है।

प्राचार्य
शास0 तुलसी महाविo अनूपपुर
जिला- अनूपपुर (म0प्र0)

Principal
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

# OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR

**Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)**

Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

**E-mail: hegtdcano@mp.gov.in** ☎9893076404




**"वीर बाल दिवस"**

**दिनांक 28 दिसम्बर, 2022**

## प्रतिवेदन

**गुरु गोविन्द सिंह जी के पुत्रों साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह के सर्वोच्च और अप्रतिम बलिदान के सम्मान में "वीर बाल दिवस" पर शासकीय अग्रणी तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में व्याख्यान का आयोजन-**

भारत सरकार के राजपत्र दिनांक 9 जनवरी, 2022 अनुसार ,भारत सरकार ने निर्णय लिया है कि आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए, दसवें सिख गुरु गोविन्द सिंह जी के छोटे पुत्रों साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह के क्रमश: 9 और 6 साल की छोटी उम्र में सिख पंथ की गरिमा और सम्मान की रक्षा हेतु 26 दिसम्बर, 1705 को दिए गए उनके सर्वोच्च और अप्रतिम बलिदान के सम्मान में 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस' के रूप में मनाया जाए।

इस संबंध में उच्च शिक्षा, मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में दिनांक 28 दिसंबर 2022 को महाविद्यालय के सभाकक्ष में डॉ. देवेंद्र सिंह बागरी (IQAC समन्वयक) की अध्यक्षता एवं डॉ आकांक्षा राठौर (सहा. प्राध्यापक ,वाणिज्य) तथा डॉ. अमित भूषण द्विवेदी (विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र) के मुख्य आतिथ्य में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को श्री गुरूवोविन्द सिंह जी के पुत्रों द्वारा दिए गए बलिदान के संबंध में जानकारी देने हेतु व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. बागरी के द्वारा अध्यक्षीय भाषण के पश्चात, इस कार्यक्रम में ज्ञान प्रकाश पांडेय ( विभागाध्यक्ष ,समाजशास्त्र ) द्वारा साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह के द्वारा दिए गए बलिदान से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। डॉ. आकांक्षा राठौर द्वारा छात्रों को वीर बाल दिवस के अवसर पर उक्त शहीदों से प्रेरणा पाकर अपने जीवन में दृढ़ निश्चय और देश के लिए कुछ सार्थक कार्य करने हेतु संकल्पित होने का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों के साथ ही महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकगण प्रो. शाहबाज खान ,डॉ. तरन्नुम सरवत , प्रो.संगीता बासरानी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रीति वैश्य, संयोजक सांस्कृतिक समिति द्वारा किया गया।



# OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR

**Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)**

Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

E-mail: hegtdcano@mp.gov.in ☎9893076404










संयोजक
सांस्कृतिक समिति.

प्राचार्य
शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर(म.प्र.)

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

**OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR**

**Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)**

Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

**E-mail: hegtdcano@mp.gov.in** ☎9893076404


# शासकीय तुलसी महाविद्यालय में वीर बाल दिवस पर आयोजित की गई विचार गोष्ठी

■ अनूपपुर, (नव स्वदेश)।



दसवें सिख गुरु, गुरु गोविन्द सिंह महाराज के पुत्रों साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह के बलिदान दिवस के अवसर पर शासकीय तुलसी महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. जे.के. सन्त के संरक्षतत्व और सांस्कृतिक विभाग की संयोजक प्रोण्प्रीति वैश्य के संयोजकत्व में वीर बाल दिवस के अवसर पर 28 दिसम्बर 2022 को एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. देवेंद्र सिंह बागरी (विभागाध्यक्ष, वाणिज्य) ने किया एवं डॉ. आकांक्षा राठौर (सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य) तथा डॉ. अमित भूषण द्विवेदी (विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र) क्रमशः मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

व्याख्यान में डॉ. देवेंद्र सिंह बागरी के अध्यक्षीय उद्बोधन में उपस्थित छात्र, छात्राओं को इस महत्वपूर्ण दिवस से प्रेरणा लेने की बात कही। अध्यक्षीय उद्बोधन के पश्चात ज्ञान प्रकाश पाण्डेय (विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र एवं जिला संगठक, रासेयो) द्वारा साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह के द्वारा दिए गए अमर बलिदान से संबंधित जानकारी प्रदान की गई एवं 9 और 6 वर्ष की छोटी उम्र में सिख पंथ की गरिमा और सम्मान की रक्षा हेतु 26 दिसम्बर1705 को दिए गए उनके सर्वोच्च और अप्रतिम बलिदान के सम्मान में 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाए जाने की पृष्ठभूमि से विद्यार्थियों को अवगत कराया। डॉ. आकांक्षा राठौर द्वारा छात्रों को वीर बाल दिवस के अवसर पर उक्त शहीदों से प्रेरणा पाकर अपने जीवन में दृढ़ निश्चय और देश के लिए कुछ सार्थक कार्य करने हेतु संकल्पित होने का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों के साथ ही महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक शाहबाज खान, डॉ. तरन्नुम सरवत, प्रो. संगीता बासरानी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर प्रीति वैश्य संयोजक सांस्कृतिक समिति द्वारा किया गया।